भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1016

जिसका उत्तर 08 फरवरी, 2024 को दिया जाना है।

.....

थन्नीरमुक्कम बांध का कार्य

1016. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल राज्य में थन्नीरमुक्कम बांध और थोटापल्ली स्पिलवे के विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है और इनके पूरा होने में कितना समय लगने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार को इन परियोजनाओं के कार्य में कोई विलंब होने की जानकारी है;

(घ) यदि हां, तो कार्य पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ङ) क्या यह सच है कि इन कार्यों को कुट्टनाडु पैकेज में शामिल किया गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी निधियां आवंटित की गई हैं तथा विकास कार्य को पूरा करने में कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क): जल राज्य सूची का विषय होने के कारण, सिंचाई परियोजनाओं की आयोजना, कार्यान्वयन और वित्तपोषण संबंधित राज्य सरकार के अधिकारक्षेत्र में हैं। हालाँकि, भारत सरकार अपनी चलायी जा रही योजनाओं के अंतर्गत पहचान की गई सिंचाई परियोजनाओं को आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

थोटापल्ली स्पिलवे परियोजना के साथ-साथ थन्नीरमुक्कम बांध का वित्तपोषण और कार्यान्वयन केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि थन्नीरमुक्कम बांध के सभी तीन चरणों का मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा, इसका सिविल कार्य भी लगभग 97% पूरा हो चुका है। हालाँकि, अदालत में मामला विचाराधीन होने के कारण कॉफ़र बांध और रिंग बांध तोड़ने का कार्य अभी रूका हुआ है।

जहां तक थोटापल्ली स्पिलवे का संबंध है, राज्य सरकार ने सूचित किया है कि स्टेनलेस स्टील के सभी 40 शटरों को बदलने का कार्य पूरा हो चुका है।

(ख) से (च): राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01.07.2014 को कार्य सौंपे जाने की तारीख से कार्य पूरा करने की 920 दिन की अनुमानित समयसीमा के साथ थन्नीरमुक्कम बांध हेतु 255.335 करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई थी। हालांकि, मामला न्यायालय में विचाराधीन होने की वजह से हुए विलंब के कारण यह समयसीमा 30.08.2023 तक बढ़ा दी गई थी। इसके अतिरिक्त, थोटापल्ली स्पिलवे हेतु 12 माह की अनुमानित समयसीमा के साथ 13.49 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, हालांकि यह कार्य लगभग 14 महीने के विलम्ब के साथ जुलाई, 2016 में पूरा हुआ। हालाँकि, इस विलम्ब के संबंध में राज्य सरकार की ओर से कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है।

उपरोक्त कार्य कुट्टनाडु पैकेज में शामिल थे और उपरोक्त कार्यों के वित्त पोषण के साथ-साथ इनके कार्यान्वयन का कार्य भी राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

*****